# पिछले साल से कम राशि का होगा आईडीए का बजट

- इस साल करीब 1 हजार करोड़
- पिछले साल 1597 करोड़ का था




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर विकास प्राधिकरण का सालाना बजट मंगलवार को घोषित किया जाएगा. इस साल बजट की राशि 1 करोड़ के आसपास रहेगी, जिसमें विभिन्न योजनाओं में विकास कार्य के लिए राशि आवंटित होगी. पिछड़े साल आईडीए ने 1597 करोड़ की राशि में 88.12 करोड़ का लाभ का बजट पारित किया था.

आज आईडीए द्वारा अपना सालाना बजट पेश किया जाएगा. उक्त बजट में मास्टर प्लान के अनुरूप सड़क निर्माण, विद्युतीकरण, फ्लाई ओवर ब्रिज, कन्वेंशन सेंटर, बहुमंजिला इमारत, स्टार्टअप पार्क जैसी योजनाओं के लिए राशि आरक्षित की जाएगी.

पिछले बजट में धार रोड और भोपाल रोड पर आईएसबीटी निर्माण, सीएम राइज स्कूल, एमआर 11 और 12 सड़क निर्माण, एमआर 12 एक तरफ का 3 लेन फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण (एमआर-12 पर एक तरफ 3 लेन पीडब्ल्यूडी बना रहा) जैसे कार्य शामिल होंगे. इसके अलावा शहर की सभी टीपीएस योजनाओं में सड़क निर्माण से लेकर बगीचे निर्माण का काम भी शामिल है.

### पिछले बाजार के निम्न कार्य पूर्ण

- एमआर 10 पर आईएसबीटी का निर्माणकार्य पूरा
- नंदा नगर सीएम राइज स्कूल निर्माण कार्य पूरा
- योजना 134 में वरिष्ठ नागरिकों हेतु स्नेह धाम निर्माण
- प्रीतम लाल दुआ सभागृह का रेनोवेशन कर पूरा

**निम्न कार्य जो अधूरे हैं**

- लवकुश चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज
- एमआर 11 और 12 सड़क निर्माण अधूरे पड़े
- मोरोद अनाज मंडी का निर्माण
- रॉबर्ट नर्सिंग होम का रेनोवेशन
- तुलसीदास राम मंदिर

**निम्न कार्य जो शुरू नहीं हो सके**

- रिवर फ्रंट की डीपीआर
- कन्वेंशन सेंटर,
- स्टार्टअप पार्क
- एमआर 12 ओवर ब्रिज की एक तरफ की भुजा
- टिगरिया बादशाह तालाब का सौंदर्यीकरण और छट घाट का निर्माण


# बिना अनुमति सड़क पर यूनीपोल एवं लॉलीपॉप होर्डिंग को लेकर एमआईसी सदस्य मैदान में

- बोले... अधिकारियों ने निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में एक बार फिर होर्डिंग को लेकर नेता और अधिकारी आमने-सामने हो गए है. आज निगम एमआईसी सदस्य ने निगम अधिकारी खिलाफ मोर्चा खोल दिया. यहां तक कह दिया कि भ्रष्टाचार की जांच होना चाहिए, खुली लूट मचा रखी है.**

एमआर 10 सड़क पर दीपक एडवरटाइजिंग कंपनी ने लॉलीपॉप हॉर्डिंग खड़े कर दिए. इसकी अनुमति नगर निगम से नहीं दी गई. इसके बावजूद विज्ञापन कंपनी ने एमआर 10 पर मेट्रो लाइन के नीचे नगर निगम द्वारा विकसित हरियाली के बीच लॉलीपॉप होर्डिंग्स खड़े कर दिए. यह सब काम एक रात में हुआ है. उक्त मामले का खुलासा आज सुबह एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने किया. वे कल रात भी एमआर 10 सड़क पर चल रहे कार्यों को लेकर देखने निकले थे, तब होर्डिंग्स नहीं लगे थे. इसके बाद राठौर ने निगम के राजस्व अधिकारी राकेश चौहान से पूछा, तो उन्होंने बताया कि दीपक एडवरटाइजिंग ने लगाए हैं. एमआईसी सदस्य राठौर ने अधिकारी चौहान से परमिशन के कॉपी मांगी तो बोले कि पुराने कमिश्नर ने दे दी थी. इस बात पर एमआईसी सदस्य जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर आग बबूला हो गए. उन्होंने अधिकारी चौहान को जमकर लताड़ लगाई और कहा कि एमआर 10 सड़क में हाईटेंशन लाइन थी. परमिशन कहां से आई? तुम लोगों ने निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना रखा है. राठौर यहीं नहीं रुके, उन्होंने नक्षत्र गार्डन के पास भी बिना अनुमति यूनीपोल लगाने की बात उजागर की. साथ ही कहा न्याय नगर पानी की टंकी की जगह में बिना अनुमति अवैध कारखाना चल रहा है, जो पानी बिजली सब निगम की उपयोग कर रहा है.



### एमआईसी में उठाऊंगा मुद्दा

एमआईसी सदस्य राठौर ने कहा कि इस मामले की जांच होना चाहिए. राकेश चौहान और अन्य निगम अधिकारियों को जेल भेजा चाहिए. विज्ञापन एजेंसी दीपक एडवरटाइजिंग को ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए. इस मामले में मैं एमआईसी में भी मुद्दा उठाऊंगा और भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करूंगा.

**निगम की छवि कर रहे खराब:** राठौर एनआर कहा कि अभी मेट्रो के नीचे गार्डन, जाली, सुरक्षा साधन और कई तरह के काम होना है. विज्ञापन मेरा विभाग नहीं है. महापौर और सभी लोग शहर को स्वच्छ बनाने में लगे है. अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे है और निगम की छवि खराब कर रहे हैं.

### चोरी के पैसों की लड़ाई : पटवारी

इंदौर। शहर में मेट्रो लाइन के नीचे अवैध होर्डिंग्स लगाने के मामले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी कूद गए है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में चोरों का कुनबा आपस में लड़ रहा है और अपने क्षेत्र का हिस्सा मांग रहा है। साथ जा यह भी कहा कि सत्तन गुरु का भाजपा ने अपमान किया है, पूरी भाजपा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज मीडिया से कहा कि इंदौर नगर निगम एमआईसी लुटेरों और डाकुओं की परिषद है. चोरों के काबिले में चोरी के पैसों की लड़ाई चल रही है. चोरी के पैसों में हिस्सा मांग रहे है. पटवारी ने कहा कि मैंने एक महीने पहले भी कहा था कि इंदौर की जनता के गाड़ी कमाई का पैसा खाकर भ्रष्ट एमआईसी सदस्य अपने घर भर रहे है। 2 हजार करोड़ रुपए भ्रष्टाचार कर डकार गए है. जब सत्ता परिवर्तन होगा चाहे नेता हो या अधिकारी सबकी जांच होगी. किसी को नहीं छोड़ा जाएगा. बीजेपी के वरिष्ठ नेता सत्तन गुरु को लेकर पटवारी ने कहा कि गुरु हम सबके आदरणीय और सम्मानजनक व्यक्ति है. उनके लिए कुर्सी पर बैठने की व्यवस्था नहीं की गई है तो पूरी भाजपा को माफी मांगना चाहिए.

# मंच पर जगह नहीं देने से सत्तन नाराज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कल दशहरा मैदान पर नर्मदा चौथे चरण के भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा का आंतरिक असंतोष बाहर निकल कर आ गया. मंच पर पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता को जगह नहीं देने के मामले ने तूल पकड़ लिया. इसके बाद नाराज सत्तन गुरु ने भाजपा नेताओं की मीडिया के सामने बखिया उधेड़ दी. दोपहर बाद महापौर ने माफीनामे के मैसेज चलवाए. नगर अध्यक्ष गुरु के घर दस्तक दी.**

मामला कुछ यूं है कि कल दशहरे मैदान पर नर्मदा चौथे चरण का भूमिपूजन कार्यक्रम नगर निगम ने रखा था. उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यनारायण सत्तन को किसी ने जानकारी दी कि आपके लिए मंच पर स्थान नहीं है. इतना सुनते ही सत्तन कार्यक्रम स्थल से चले गए और कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया. आज सत्तन ने नगर भाजपा और महापौर की मीडिया के सामने आलोचना व्यक्त कर दी. गुरु में कहा कि कुछ लोग भाजपा में माई बाप बन गए है. मेरी पार्टी में प्रासंगिकता नहीं बची है. कार्यक्रम करने वाले यह नहीं भूलें कि नर्मदा के प्रथम चरण का मैं हिस्सेदार था. उक्त बयानबाजी के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सत्तन गुरु से माफी मांगी और कहा कि मैंने उनका स्थान रखा था, लेकिन नाम लगाने में भूल हुई है. मैं क्षमाप्रार्थी हूं.



### नगर अध्यक्ष पहुंचे उनके घर

मीडिया में खबर चलने के बाद आज नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और रानू अग्रवाल, सत्तन गुरु के घर मनाने पहुंचे और कहा कि आगे से वरिष्ठ नेताओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा.

# एमपीएल में नीलामी आज

- आईपीएल की तर्ज पर फ्रेंचाइजी लगाएंगी बोली
- युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** मध्य प्रदेश क्रिकेट के इतिहास में 31 मार्च का दिन खास बनने जा रहा है। मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग में खिलाड़ियों की नीलामी आयोजित होगी, जो इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी. यह नीलामी इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर होगी, जहां टीमें खिलाड़ियों पर बोली लगाकर अपनी स्क्वॉड तैयार करेंगी.

नीलामी से पहले ही टीमों ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर रणनीति स्पष्ट कर दी है। पिछले सीजन की सफलता के बाद इस बार लीग में टीमों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 कर दी गई है, जिससे प्रतिस्पर्धा और रोमांच बढ़ेगा. यह लीग पहले ही कई खिलाड़ियों को बड़े मंच तक पहुंचा चुकी है. अब नीलामी प्रक्रिया से खिलाड़ियों को आर्थिक मजबूती और पहचान दोनों मिलने की उम्मीद है. एमपीएल का यह कदम प्रदेश क्रिकेट को नई दिशा देने के साथ इसे एक उभरते हुए क्रिकेट ब्रांड के रूप में स्थापित कर सकता है.



# बिजली कंपनी का 25,466 करोड़ रुपए का बजट मंजूर

- उपभोक्ता सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर पर रहेगा खास फोकस

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सोमवार को आयोजित हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 25,466 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के ऊर्जा सचिव एवं कंपनी के पदेन चेयरमैन विशेष गढ़पाले ने की. वे भोपाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़े, जबकि अन्य सदस्य भी ऑनलाइन शामिल हुए. नया बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत अधिक है. कुल बजट में 23,898 करोड़ रुपए राजस्व व्यय के लिए तथा 1,568 करोड़ रुपए पूंजीगत (कैपेक्स) कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं. बजट का बड़ा हिस्सा बिजली खरीदी और पारेषण कार्यों पर खर्च होगा, जिस पर लगभग 92 प्रतिशत राशि प्रस्तावित है. वहीं वेतन, भत्तों सहित कार्मिक व्यय पर करीब 13 प्रतिशत राशि खर्च की जाएगी. बैठक में ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने नई परियोजनाओं, ग्रिड निर्माण और विकास कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए.



### सेवाओं में सुधार प्राथमिकता : सिंह

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए उपभोक्ता सेवाओं में सुधार, विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बढ़ाने और कार्यक्षमता में वृद्धि को प्राथमिकता बताया. बैठक में ऊर्जा विभाग के ओएसडी विजय गौर, वित्त विभाग के उपसचिव आर.आर. मीणा, डॉ. अरुणा तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, एस.एल. करवाड़िया, संयुक्त सचिव संजय मालवीय, पी.एस. चौहान, अचल जैन, मुख्य वित्त अधिकारी अजयपाल सिंह अवास्या, उप निदेशक बजट शोभित कमल सक्सैना, वरिष्ठ लेखाधिकारी राजेश शर्मा तथा कंपनी सचिव आराधना कुलकर्णी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# टीही-धार रेलखंड पर ओएचई लाइन में 2 .2 केवी चार्जिंग शुरू

- एंटी-थेफ्ट व्यवस्था मजबूत, रेलवे ने जारी की सख्त सुरक्षा गाइडलाइन
- ट्रॉयल के बाद बढ़ी कार्य गति

**नवभारत न्यूज**

इदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत इंदौर- दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसी क्रम में टीही धार रेलखंड पर ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन लाइन में 1 अप्रैल 2026 से 2.2 केवी वोल्टेज के साथ चार्जिंग शुरू करने का निर्णय लिया गया है.हाल ही में पीथमपुर से धार के बीच टॉवर वैगन के माध्यम से सफल ट्रायल किया गया था, जिसमें ट्रैक की क्षमता का परीक्षण किया गया। ट्रायल सफल रहने के बाद अब इस सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है.

**चोरी रोकने के लिए नई पहल:** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, ओएचई लाइन में 2.2 केवी चार्जिंग की यह व्यवस्था सुरक्षा और एंटी-थेफ्ट उपायों को मजबूत करने के लिए लागू की जा रही है. इससे रेलवे संपत्ति की चोरी और अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा.



### कर्मचारियों को सख्त निर्देश...

रेलवे प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यरत एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि ओएचई लाइन के आसपास कार्य करते समय पूरी सावधानी बरती जाए. बिना अनुमति और सुरक्षा उपकरणों के किसी भी प्रकार का कार्य प्रतिबंधित रहेगा. किसी भी तरह की लापरवाही की जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी.

### आम जनता के लिए चेतावनी...

रेलवे ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे विद्युतीकरण क्षेत्र से दूर रहें और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें. ओएचई लाइन में करंट प्रवाहित होने से इसके संपर्क में आने पर गंभीर दुर्घटना का खतरा बना रहेगा.

## एक नजर में

### सैमसंग ने आधुनिक परफॉर्मेंस के साथ लॉन्च किया गैलेक्सी बुक6

**इंदौर.** सैमसंग ने गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ को लॉन्च कर दिया है. इसकी शुरुआती कीमत 1,27,990 रुपये है. सैमसंग की सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बुक सीरीज़ एआई-पावर्ड प्रोडक्टिविटी को सटीक इंजीनियरिंग और संतुलित, स्लिम प्रोफाइल के जरिए नई ऊंचाइयों पर ले जाती है. गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ इंटेल कोर अल्ट्रा सीरीज 3 प्रोसेसर्स द्वारा संचालित है, जो पिछले जेनरेशन की तुलना में 60% से ज्यादा तेज सीपीयू परफॉर्मेंस देता है. इससे तेज प्रोसेसिंग, सहज मल्टीटास्किंग और रिस्पॉन्सिव एआई अनुभव मिलता है. परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए, गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा और प्रो में बड़ा ऑप्टिमाइज्ड वेपर चैंबर लगा है जो गर्मी को बेहतर तरीके से बांटता है. गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा और प्रो में डायनैमिक एमोलेड 2एक्स टचस्क्रीन दिया गया है, जो एचडीआर में 1000 निट्स तक पीक ब्राइटनेस और एसडीआर में 500 निट्स पीक ब्राइटनेस प्रदान करता है, जिससे बेहद साफ और जीवंत विज़ुअल्स मिलते हैं. गैलेक्सी बुक6 अल्ट्रा में छह स्पीकर्स के साथ डॉल्बी एटमॉस दिया गया है, जिसमें चार फोर्स-कैंसलिंग वूफर्स और दो ट्वीटर्स शामिल हैं. सैमसंग की हार्डवेयर विरासत गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ के स्लिम प्रोफाइल में साफ दिखती है.

### शाओमी इंडिया ने रेडमी 15ए 5जी किया लांच

**इंदौर.** शाओमी इंडिया ने आज रेडमी 15ए 5जी रेडमी 15ए 5जी भारत में लॉन्च किया. यह एक ऐसा स्मार्टफोन है जिसे एक सिम्पल आइडिया को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है- यह लोगों के रोज़मर्रा के फ़ोन इस्तेमाल के तरीके के साथ कदम से कदम मिलाकर चले. चाहे स्ट्रीमिंग हो, स्क्रॉलिंग हो, जुड़े रहना हो, या एक साथ कई ऐप्स चलाना हो, रेडमी 15ए 5जी बिना किसी बेवजह की उलझन के, एक सहज, भरोसेमंद और लंबे समय तक चलने वाला अनुभव देने पर ध्यान केन्द्रित करता है. इसकी 6300एमएएच की बैटरी एक बार चार्ज करने पर आराम से दो दिनों तक चलने के लिए डिज़ाइन की गई है. झ्र रेडमी 15ए 5जी में एक बड़ा 6.9-इंच का डिस्प्ले है, जो वीडियो देखने से लेकर ब्राउज़िंग तक, हर चीज़ को ज़्यादा शानदार और जानदार बनाता है. 120 हर्ट्ज़ तक के रिफ़्रेश रेट के सपोर्ट के साथ, फ़ोन इस्तेमाल करने का अनुभव ज़्यादा आसान और तेज़ लगता है. रेडमी 15ए 5जी के मूल में एक ऑक्टा-कोर 5जी प्रोसेसर लगा है, जो परफॉर्मेंस और बैटरी की बचत के बीच एक बेहतरीन बैलेंस बनाता है. एड्रॉयड 16 पर आधारित हायपरओएस 3.0 पर चलने वाले इस डिवाइस में 4 साल के एड्रॉयड अपडेट और 6 साल के सिक्योरिटी अपडेट मिलते हैं.

### एलजी ने सेवा तीर्थ में उन्नत एचवीएसी समाधान स्थापित किए

**इंदौर.** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज हाल ही में उद्घाटित प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में अपने उन्नत एचवीएसी समाधानों की सफल स्थापना की घोषणा की. एलजीई इंडिया ने 1,590 हॉर्सपावर की कुल क्षमता वाला एक वेरिएबल रेफ्रिजरेंट फ्लो एयर-कंडीशनिंग सिस्टम स्थापित किया है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं. एलजीई इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स और मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहा एलजीई इंडिया को आदरणीय प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में योगदान देने पर गर्व है. चूंकि भारत बुनियादी ढांचे के विकास के एक परिवर्तनकारी चरण से गुजर रहा है, इसलिए स्मार्ट और ऊर्जा-कुशल जलवायु नियंत्रण प्रणालियों की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है. एलजीई इंडिया में, हमारा मानना है कि वाणिज्यिक और संस्थागत स्थानों में परिचालन दक्षता का समर्थन करने में एचवीएसी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. साथ ही, हमारी मेक इन इंडिया विनिर्माण क्षमताओं के साथ, हम देश की विविध जलवायु परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन किए गए उच्च-प्रदर्शन वाले समाधान प्रदान करके भारत के एचवीएसी पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

# अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा, 12 कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

**इंदौर. शहर में अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है. सिरपुर, कैलोद करताल और रेवती रेंज समेत कई इलाकों में चिन्हित कॉलोनाइजरों के खिलाफ प्रकरण तैयार कर संबंधित थानों को भेज दिए हैं. पुलिस द्वारा इसी सप्ताह इन मामलों में एफआईआर दर्ज होने की संभावना है.**

हाल ही में सिरपुर तालाब के कैचमेंट एरिया और आसपास अवैध प्लॉटिंग व निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई थी. रिमूवल टीम ने मौके पर पहुंचकर कई निर्माण ध्वस्त किए थे और जमीन पर निगम स्वामित्व के बोर्ड भी लगाए गए, ताकि आम लोग भ्रमित होकर प्लॉट न खरीदें. इसी कार्रवाई के तहत रेवती रेंज, कैलोद करताल और तेजाजी नगर क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनियों की जांच की गई. जांच में सामने आया कि कई कॉलोनाइजरों ने सरकारी जमीन और कांकड़ क्षेत्र में प्लॉट काट दिए. ऐसे करीब 12 कॉलोनाइजरों की पहचान कर उनके खिलाफ विस्तृत प्रकरण तैयार किए हैं. निगम ने इन सभी मामलों को संबंधित थानों को भेजते हुए एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि पुलिस को सभी जरूरी दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध करा दिए हैं. गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर निगम 7 कॉलोनाइजरों के खिलाफ बाणगंगा, भंवरकुआं और चंदननगर थानों में केस दर्ज करा चुका है. अब नए मामलों में भी जल्द कानूनी कार्रवाई शुरू होने की तैयारी है.

### एफआईआर के लिए पुलिस को लिखा : पाठक

कॉलोनी सेल प्रभारी अपर आयुक्त मनोज पाठक ने बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों को लेकर भवन अधिकारियो ने प्रतिवेदन दिया है. कॉलोनाइजर के खिलाफ संबंधित थानों को एफआईआर करने पत्र जारी किए है. एफआईआर की कार्रवाई पुलिस करेगी.

# 'गोल्डन गर्ल' सपना शर्मा ने लगातार चौथा नेशनल गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

**नवभारत न्यूज़**

इंदौर. मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली पैरा ताइक्वांडो खिलाड़ी सपना शर्मा ने एक बार फिर देशभर में अपना दमखम साबित करते हुए इतिहास रच दिया है. उन्होंने 4वीं पैरा ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप 2025-26 में स्वर्ण पदक जीतकर लगातार चौथा नेशनल गोल्ड अपने नाम किया. इसके साथ ही वे देश की पहली दिव्यांग खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है.

बेंगलुरु के कोरामंगला स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में करीब 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. फाइनल मुकाबले में सपना ने शानदार तकनीक और आत्मविश्वास के दम पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी. इस स्पर्धा में तेलंगाना की ममता को रजत और कृष्णवेणी को कांस्य पदक मिला. सपना शर्मा की सफलता के पीछे उनकी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रेरक कहानी है. दोनों पैरों में पोलियो होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और खेलों में लगातार आगे बढ़ती रहीं. टेबल टेनिस और आर्म रेसलिंग में भी वे अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं.

**लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराना:** आर्थिक चुनौतियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच भी सपना ने अभ्यास जारी रखा. उनका कहना है कि मजबूत हौसलों के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती. अब उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए और अधिक पदक जीतना है. सपना की इस उपलब्धि से इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में खुशी की लहर है.



# मां कुंवारी देवी मंदिर पर भंडारा संपन्न

**इंदौर.** शहर की स्कीम न. 71 में स्थित मां कुंवारी देवी मंदिर पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के बाद भंडारा आयोजित किया गया. भंडारे में करीब 5 हजार से ज्यादा लोगों ने माताजी को प्रसादी ग्रहण की. इस दौरान माताजी को 56 भोग अर्पण किए गए.

शहर के पश्चिम क्षेत्र में रणजीत हनुमान मंदिर केडी पीछे स्कीम न.71 के नाकोड़ा चौक में मां कुंवारी देवी मंदिर स्थित है. उक्त मंदिर पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के बाद 51 कन्याओं का पूजन कर भंडारा आयोजित किया गया. भंडारे में करीब पांच हजार से ज्यादा लोगों के माताजी की प्रसादी ग्रहण की. इस दौरान शहर के कई जनप्रतिनिधियों ने माता मंदिर पर दस्तक दी और 56 भोग दर्शन किए. कार्यक्रम के कार्यकारिणी सदस्य धरमचंद्र जैन, दिलीप मेहता, अंकित चौपड़ा और बिट्टू हेतावल ने बताया कि माता मंदिर पर हर साल अश्विन माह में भंडारा किया जाता था, लेकिन पिछले कई सालों से भंडारे में बारिश आ जाती है. इस कारण इस साल से चैत्र नवरात्रि में उक्त आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अमन चौपड़ा, अंकित हेतावल, राकेश सचदेव, सुनील भागवत, रविकांत पंवार, सुरेंद्र दुबे, वीरेंद्र जायसवाल, अंकित काले सहिग क्षेत्रीय रहवासियों का विशेष सहयोग रहा.



## एक नजर में

**भूकंप व अन्य आपदाओं से निपटने के लिए जागरूकता कार्यशाला आयोजित**

# आपदा पूर्व तैयारी में इंदौर अग्रणी, 250 प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज़**

इंदौर. आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इंदौर ने एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया. यह कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ सभागार में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ. कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों से आए 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. कार्यक्रम का उद्देश्य आपदाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना और प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करना रहा.



**विशेषज्ञों ने दिए व्यवहारिक प्रशिक्षण:** प्रशिक्षण सत्र में प्लाटून कमांडर अश्विन चौधरी, सुमित खरे और दीपेश पाटीदार ने रेल दुर्घटना, सर्पदंश, भूकंप और अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के उपाय बताए. साथ ही हाल की ईवी घटनाओं और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए लू व हीट स्ट्रोक से बचाव पर भी जानकारी दी गई.

**उपकरणों का लाइव प्रदर्शन:** प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन उपकरणों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर उनकी व्यावहारिक समझ विकसित की गई, जिससे वे आपात स्थिति में बेहतर प्रतिक्रिया दे सकें. कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सुमत जैन के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि डिप्टी कलेक्टर चरणजीत सिंह हुड्डा की उपस्थिति ने आयोजन को प्रशासनिक मजबूती दी.